संख्या:7/1484/35-4-2014

प्रेषक,

अबरार अहमद,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष ,
लोक निर्माण विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 08 दिसम्बर, 2014

विषय: वर्ष 2014-15 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद कानपुर देहात में शासनादेश संख्या-614/35-4-2013 दिनांक 31 मार्च,2013 के द्वारा 19 कार्यों की रू. 3493.48 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए मनरेगा अंश की धनराशि रू. 531.95 लाख को घटाते हुए अवशेष लागत रू. 2961.56 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में रू. 592.31 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। तदोपरान्त शासनादेश संख्या: 243/35-4-2014 दिनांक 04 फरवरी, 2014 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू. 1477.06 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई। मुख्य अभियंता,(मु0-1) लो0नि0वि0 के पत्र संख्या- 583 बी.जी.जी./7 बी.-3 त्व0आ0वि0यो0/2014-15 दिनांक 14 नवम्बर,2014 द्वारा उक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत 19 कार्यों में से 18 कार्यों हेतु अवमुक्त धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग होना इंगित किया गया है । एतदद्वारा निम्नलिखित 18 कार्यो के लिए उनके सामने अनुमोदित लागत रू. 3346.58 लाख में से मनरेगा अंश रू. 513.40 लाख को घटाने के बाद राज्यांश की धनराशि रू. 2833.21 लाख के सापेक्ष प्रथम एवं द्वितीय किश्त के रूप में कुल अवमुक्त धनराशि को समायोजित करते हुए अवशेष देय धनराशि रू. 853.51 लाख (रूपये आठ करोड़ तिरपन लाख इक्यावन हजार मात्र) को निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की, श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:

(लाख रू. में)

	कार्य	अनुमोदित लागत			प्रथम/ द्वितीय किश्त की कुल अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त की जा रही धनराशि
		कुल	मनरेगा	राज्यांश		
1	बिल्हौर मकनपुर बिसधन रसूलाबाद मार्ग से कन्नौज बार्डर (सिमरिया) सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य	149.34	22.64	126.70	88.69	38.01
2	लखनऊ इटावा मार्ग से मुरली से नौहानवगांव सम्पर्क मार्ग का निर्माण	149.58	25.75	123.83	86.67	37.16
3	बरिगवा से तिसाह होते हुए कुशलपुरवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण	205.48	35.12	170.36	119.25	51.11

http://shasanadesh.up.nic.in

	कार्य	अनुमोदित लागत			प्रथम/ द्वितीय किश्त की कुल अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त की जा रही धनराशि
		कुल	मनरेगा	राज्यांश		
4	शाहवाजपुर मनावा मार्ग से बंशीनिवादा सोनासी सम्पर्क मार्ग का निर्माण	154.31	24.28	130.03	91.01	39.02
5	इटैली से गोपालपुर कहीजरी सम्पर्क मार्ग का निर्माण	179.49	23.65	155.84	109.07	46.77
6	मनावा से उसरी सम्पर्क मार्ग का निर्माण	153.86	26.41	127.45	89.22	38.23
7	सिसाही से बन्दराहा सम्पर्क मार्ग का निर्माण	164.06	26.93	137.13	95.93	41.20
8	नारखुर्द वाया मलगुजरा इटाहा सम्पर्क मार्ग का निर्माण	206.85	32.48	174.37	121.87	52.50
9	सिहुरा मीरा से सियारी नाला पुल तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण	184.73	29.64	155.09	108.52	46.57
10	बीएमबीआर के किमी 29 से कटरा होते हुए उलरापुर सम्पर्क मार्ग का निर्माण	232.80	40.68	192.12	134.42	57.70
11	झिझककन्चौसी वाया पिलख मार्ग से मालतीपुर सम्पर्क मार्ग का निर्माण	145.94	25.75	120.19	84.04	36.15
12	झींझक कंचौसी वाया पिलख मार्ग से खानपुर रसूलाबाद सम्पर्क मार्ग का निर्माण	170.00	29.33	140.70	98.14	42.56
13	मुरलीपुर से बढइनपुरवा बड़ापुरवा होते हुए छोटापुरवा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण	133.23	19.68	113.55	78.71	34.84
14	विजईपुर से गुलागपुरवा होते हुए भौरा सम्पर्क मार्ग का निर्माण	189.69	27.47	162.22	113.44	48.78
15	दानी निवादा से दाती होते हुए उसरी सम्पर्क मार्ग का निर्माण	257.20	44.08	213.12	148.62	64.50
16	बिरहुन बम्बी पुलिया से धनेश्वर बाबा मन्दिर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण	219.70	28.45	191.25	133.25	58.00
17	बरिगौं बम्बी पुलिया से रामपुर होते हुए ढकवन सम्पर्क मार्ग का निर्माण	154.37	21.78	132.59	92.52	40.07
18	लुधाकर रोड से ओरिया झाडापुरवा होते हुए मनावा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण	295.95	29.28	266.67	186.33	80.34
	योग	**3346.58**	**513.40**	**2833.21**	**1979.70**	**853.51**

1- सन्दर्भित शासनदेश दिनांक 31 मार्च, 2013 की शर्ते यथावत लागू रहेंगी।

2- प्रश्नगत कार्यो हेतु अवमुक्त की जा रही अवशेष धनराशि आहरित कर बैंक / डाकघर/ पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आहरित कर डिपाजिट कार्यों के रूप में कार्यदायी विभाग - द्वारा रेमिटेन्स लेखाशीर्ष " 8782" के अन्तर्गत-सुसंगत लेखाशीर्षक में जमा कर, वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- ए-2-47/दस-97 -10(9)/95, दिनांक 3 मार्च, 1997 में दिये गये निर्देशों के अनुसार डिपाजिट क्रेडिट लिमिट(डि0सी0एल0) निर्गत करके व्यय की जायेगी।

3- इस शासनादेश से उक्त कार्य के लिए अनुमोदित लागत के सापेक्ष पूर्ण धनराशि का आवंटन हो जाता है। कार्य को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी

http://shasanadesh.up.nic.in

4- स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2015 तक पूर्णरूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे 31 मार्च, 2015 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2015 तक प्रमुख सचिव नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

5- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमामिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2015 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा ।

6- कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था द्वारा सम्परीक्षित लेखे अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जायेंगे।

2- उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय व्ययक में अनुदान संख्या- 40 -आयोजनागत-लेखाशीर्षक- 5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337 -सड़क निर्माण कार्य - 03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-03- ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था-24 -वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा ।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या- बी-1-2457/ दस- 2014-231/2014 दिनांक 22 जुलाई,2014 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(अबरार अहमद)
विशेष सचिव

संख्या:7/1484 (1)/35-4-2014 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, इलाहाबाद।
3- प्रमुख सचिव / सचिव, लोक निर्माण/ग्राम्य विकास/ गन्ना विभाग/ ग्रामीण अभियंत्रण सेवा / कृषि विपणन।
4- प्रमुख सचिव, वित्त।
5- निजी सचिव, मा. मुख्य मंत्री जी ।
6- मण्डलायुक्त, कानपुर।
7- जिलाधिकारी, कानपुर देहात ।
8- मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर देहात ।
9- कोषाधिकारी, कानपुर देहात ।
10- गार्ड फाईल।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
12- राज्य योजना आयोग-1
13-जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी,कानपुर देहात ।

आज्ञा से,

(अबरार अहमद)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in